प्राथमिक शिक्षण अभ्यासक्रम - २०१२

भाषा भाग - १

कक्षा : ५ वीं से ८ वीं

विषय : हिंदी (द्‌वितीय भाषा) संपूर्ण

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या - २०१२

भाषा भाग - १

हिंदी (द्वितीय भाषा) संपूर्ण

कक्षा - ५ वीं से ८ वीं

अनुक्रमणिका

अ. क्र.		पृष्ठ
१.	प्रस्तावना	१६९
२.	हिंदी (द्वितीय भाषा) के सामान्य उद्देश्य	१७१
३.	हिंदी (द्वितीय भाषा) के विशिष्ट उद्देश्य	१७२
४.	हिंदी (द्वितीय भाषा) संपूर्ण – पाठ्यक्रम	
	पाँचवीं	१७३
	छठी	१९०
	सातवीं	२०९
	आठवीं	२३२
५.	अध्ययन–अध्यापनासंबंधी निर्देश	२५५
६.	मूल्यांकनसंबंधी सामान्य निर्देश	२५७
७.	उपसंहार	२५८

प्राथमिक शिक्षण अभ्यासक्रम २०१२

कक्षा : ५ वीं से ८ वीं

विषय - हिंदी (द्‌वितीय भाषा) संपूर्ण

प्रस्तावना

भारत विविध संस्कृतियों से समृद्‌ध एक विशाल देश है। अनेक भाषाएँ, बोलियाँ, रीति–रिवाज, रहन–सहन, खान–पान इसकी विशेषताएँ हैं। बहुक्षेत्रीय, बहुभाषी तथा बहुआयामी देश की सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं व्यावसायिक आवश्यकताएँ भी विभिन्न प्रकार की हैं। विविधता में एकता इस देश की गौरवशाली परंपरा है। इस बहुभाषी देश में अंतरप्रांतीय संपर्क, विचारों का आदान–प्रदान, राष्ट्रीय एवं भावनात्मक एकात्मता, संवैधानिक मूल्यों को सुसंगत ढंग से सँजोए रखना आवश्यक है। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु हिंदी सशक्त एवं समर्थ भाषा है।

हिंदी मध्ययुग से ही अंतरप्रांतीय संपर्क की भाषा रही है। महाराष्ट्र के कुछ संतों ने मराठी के साथ–साथ हिंदीमें भी रचनाएँ की है। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में अंतरप्रांतीय संपर्क की भाषा के रूप में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी भारतीय गणराज्य की राजभाषा रही है। हिंदी को पढ़ना संवैधानिक तथा व्यावहारिक आवश्यकता है। इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए 'महाराष्ट्र राज्य अभ्यासक्रम २०१०' के प्रारूप में हिंदी को द्‌वितीय (संपूर्ण एवं संयुक्त) भाषा के रूप में कक्षा पाँचवी से रखा गया है।

लिपि, शब्द–भंडार और वाक्य रचना की दृष्टि से मराठी भाषा हिंदी के समीप होने के कारण तथा प्रचार–प्रसार के अन्य माध्यमों के प्रभाव से किसी–न–किसी रूप में कक्षा पाँचवीं में आनेवाले मराठी भाषी तथा कुछ सीमा तक अन्य भाषी विद्‌यार्थी हिंदी से परिचित रहते हैं। अतः हिंदी उनके लिए सहज, सरल, सुगम एवं पूर्व परिचित भाषा है।

इन विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्‌यक्रम बनाते समय जिन बिंदुओं का समावेश किया गया है, वे निम्नानुसार हैं –

विद्‌यार्थियों को मातृभाषा जगत से हिंदी–विश्व में ले जाते हुए उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को अंतर्भूत किया गया है। २००५ के राष्ट्रीय पाठ्‌यचर्या ढाँचे (NCF) में भाषा शिक्षा के संदर्भ में दिए गए निर्देशों का ध्यान रखा गया है। इसी तरह आर.टी.ई.के निर्देश भी ध्यान में रखे गए हैं। अध्ययन–अध्यापन प्रक्रिया में विद्‌यार्थियों के भाषिक कौशलों के आकलन, उपयोजन, सर्जनशील प्रयोग आदि क्षमताओं के विकास को विशेष महत्व दिया गया है। ज्ञानरचनावाद का ध्यान रखते हुए पाठ्‌यक्रम पूर्णतः बाल– केंद्रित बनाया गया है। पाठ्‌यक्रम में यथास्थान परिसर अध्ययन को समाविष्ट करते हुए जीवन कौशलों के विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। लिंग समभाव के तत्त्व एवं मूल्यशिक्षा को पाठ्‌यक्रम में यथोचित स्थान देते हुए केंद्रीय आधारभूत तत्त्वों का

भी समावेश किया गया है। पाठ्यक्रम में जगह–जगह अत्यंत स्वाभाविक ढंग से भाषा के साथ अन्य विषयों का तालमेल बिठाया गया है। साथ ही इस बात पर भी विचार किया गया है कि रोचक शिक्षा में कहीं भी बाधा न आए। यह सब करते हुए विद्यार्थियों का निरंतर एवं सर्वांगीण मूल्यांकन भी होता रहे, इस बात का भी ध्यान रखा गया है। परीक्षा पद्धति को अधिक सरल, सहज, सुगम एवं लचीला बनाया गया है।

इस पुनर्रचित नवीन पाठ्यक्रम में जहाँ एक ओर जनतांत्रिक नीति, योजना को प्राधान्य दिया गया है, रटने की पद्धति का परित्याग किया गया है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक भारतीय शिक्षा तंत्रों के प्रयोग पर भी ध्यान रखा गया है। जनसंख्या शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, कार्यानुभव, कला शिक्षा विश्वशांति तथा विश्व बंधुत्व की भावना को पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है। भाषाई खेलों के माध्यम से भाषा की शिक्षा को तनाव रहित एवं रोचक बनाया गया है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में इस बात पर भी विचार किया गया है कि शिक्षा से विद्यार्थियों में सर्जनशीलता निर्मित हो, वे उपक्रमशील बनें तथा उनमें शोधदृष्टि का निर्माण हो। हिंदी को व्यवसायोन्मुख बनाया गया है। इसी तरह राज्य एवं राष्ट्र की समस्याओं को भी ध्यान में रखा गया है। भाषा शिक्षा के सर्वसामान्य उद्देश्य एवं द्वितीय भाषा के रूप में पाँचवीं से आठवीं तक हिंदी के विशिष्ट उद्देश्य स्पष्ट रूप से दर्ज किए गए हैं। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में अध्ययन–अध्यापन विषयक नई सोच, नई पद्धति, जीवन कौशल, आधुनिक तकनीक एवं तत्त्व, व्यावहारिक परिवर्तन, निरंतर सर्वांगीण क्रमिक मूल्यांकन के प्रयोगशील, प्रभावी और समयोचित स्वरूप को भी स्वीकार किया गया है।

वर्तमान के साथ भविष्य की माँगों तथा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को हिंदी भाषा पर अधिकार के संदर्भ में सभी अर्थों में सक्षम बनाना अपने–आपमें एक बड़ा उद्देश्य है। इसकी पूर्ति हेतु प्रस्तुत पाठ्यक्रम में कई बातों का समावेश करना पड़ा, जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है। प्रश्न उपस्थित हुआ कि इन सबको समेटने के लिए /समाहित करने के लिए कौन–सा प्रारूप (Format) निश्चित किया जाए? पाठ्यक्रम पुनर्रचना समिति ने लंबी बहस के बाद भाषाई कौशलाधिष्ठित प्रारूप निश्चित किया। इसमें चार भाषाई कौशलों के साथ हिंदी की व्याकरणिक संरचना(क्रियात्मक व्याकरण) तथा व्यवहार एवं विविध विषय क्षेत्रों में हिंदी प्रयोग के स्वरूप (व्यावहारिक सृजन) को सर्वोपरि स्थान देना कई कारणों से तर्कसंगत एवं उपयुक्त लगा। परिणामतः पुनर्रचित पाठ्यक्रम में भाषाई कौशलों/ क्षेत्रों को सबसे ऊपर रखते हुए हर कौशल/ क्षेत्र के घटकों/ उपघटकों को उसके अंतर्गत क्रमानुसार स्थान दिया गया है। इस पद्धति को अपनाने से भाषाई कौशलों/ क्षेत्रों के अधिकाधिक घटकों, उपघटकों को स्थान मिल पाया है।

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सूचित 'E R A C' अर्थात E- Experience, R- Reaction, A- Application, C- Consolidation के अनुरूप पाठ्यक्रम की रचना किए जाने पर समिति के सदस्यों में पर्याप्त चर्चा के बाद पाँचवीं से आठवीं कक्षा का पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से तैयार किया गया है।

सामान्य उद्देश्य

महाराष्ट्र के विद्यार्थी संचार माध्यमों द्वारा सामान्य हिंदी भाषा से परिचित हैं। हिंदी और मराठी दोनों भाषाएँ देवनागरी में लिपिबद्ध होने से पठन–पाठन के लिए सहज हैं। दोनों भाषाओं में शब्दावली के स्तर पर अधिक मात्रा में समानता है। प्रचार–प्रसार के विविध माध्यमों के कारण हिंदी भाषा शहरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्तर पर हिंदी शिक्षा के निम्नलिखित सामान्य उद्देश्य निश्चित किए गए हैं –

१. विविध माध्यमों का उपयोग कर श्रवण क्षमता का विकास करना।

२. हिंदी में धाराप्रवाह तथा प्रभावी संभाषण का विकास करना।

३. विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य पठन के प्रति रुचि जागृत करना।

४. हिंदी के माध्यम से साहित्यिक रसास्वादन एवं सौंदर्यबोध विकसित करने के साथ ही अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित करना।

५. दैनिक जीवन तथा अन्य विषयक्षेत्र (साहित्य, विज्ञान, संचार माध्यम, विधि, स्वास्थ्य आदि) में हिंदी का प्रयोग एवं अन्य विषयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हिंदी की जीवनाभिमुखी, व्यवसायोन्मुखी तथा जीवन कौशलपरक शिक्षा के प्रति उन्मुख करना।

६. उचित भाषाप्रयोग द्वारा, हिंदी के अनौपचारिक तथा औपचारिक भाषा रूपों में सामंजस्य स्थापित करना।

७. विविध उपक्रमों द्वारा संवैधानिक मूल्यों (स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुत्व) तथा राष्ट्रीय एकात्मता, राष्ट्रप्रेम एवं धर्म निरपेक्षता के पोषण हेतु प्रवृत्त करना।

८. हिंदी के माध्यम से सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, श्रमनिष्ठा, परदुखकातरता, प्राणीमात्र के प्रति दया, खेलभावना, सत्यनिष्ठा, आचारनिष्ठा आदि मानवीय मूल्यों के प्रति सजगता पैदा कर इन गुणों को आत्मसात करने की ओर उन्मुख करना।

९. हिंदी के माध्यम से आपातकालीन प्रबंधन, मानवाधिकार एवं 'सर्व समावेशित शिक्षा' के प्रति जागृति पैदा करना।

१०. हिंदी के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यक्तिगत चारित्रिक गुणों तथा जीवन कौशलों को विकसित करना।

विशिष्ट उद्देश्य

द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी का अध्ययन–अध्यापन पाँचवीं कक्षा से आरंभ किया जा रहा है। इस निर्णय के अनुसार हिंदी भाषा के अध्यापन में अधिक सजगता आवश्यक हो गई है। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करते समय हिंदी अध्ययन–अध्यापन के विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखना अधिक आवश्यक है। विशिष्ट उद्देश्यों में मूलभूत कौशलों एवं क्षमताओं को समाविष्ट किया गया है। सतत सर्वंकष क्रमिक मूल्यमापन के आधार पर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास अपेक्षित है। तदनुसार पाँचवीं से आठवीं कक्षा तक द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी के विशिष्ट उद्देश्य आगे दिए हैं –

१. आकाशवाणी, चलचित्र, दूरदर्शन, संगणक तथा अन्य दृक्– श्रव्य माध्यमों और शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से रोचक प्रेरक परिस्थितियों के निर्माण द्वारा विद्यार्थियों को स्वयंस्फूर्ति से श्रवण हेतु प्रवृत्त करना।

२. सरल–सुगम विषय पर हिंदी में बातचीत करने तथा अपने विचारों की अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करना।

३. शैक्षणिक संदर्भ–सामग्री कोना एवं चलवाचनालय द्वारा वाचन के लिए प्रेरित करना। सौंदर्यबोध के प्रति उद्यत करना।

४. अपने अनुभव विश्व, कल्पना एवं समसामयिक विषयों पर लिखित रूप से अपने विचार प्रकट करने के लिए प्रवृत्त करना तथा कलात्मक अभिव्यक्ति की ओर उन्मुख करना।

५. शांतिपूर्ण, तनावमुक्त, बोझरहित, दंडमुक्त वातावरण में शिक्षा के लिए प्रेरित करना तथा हिंदी का भूगोल, गणित, सामान्य विज्ञान, इतिहास आदि अन्य विषयों के साथ सहसंबंध स्थापित करने की चेतना जगाना।

६. निरीक्षण एवं विविध कृतियुक्त उपक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भाषिक सर्जनशीलता के लिए प्रेरित करना।

७. बोली भाषा का आदर करते हुए मानक भाषा के व्यावहारिक प्रयोग हेतु उन्मुख करना। विद्यार्थियों को दैनिक सामान्य व्यवहार तथा विशिष्ट विषय क्षेत्रों (बैंक, पत्रकारिता, विधि, विज्ञान इत्यादि) में परंपरागत एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से भाषा के प्रयोग के लिए सक्षम बनाना। विविध सेवाओं, व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली भाषा की जानकारी देकर उसके प्रयोग के लिए प्रवृत्त करना।

८. भाषाओं के समन्वय द्वारा भावात्मक एकता, देशप्रेम एवं विश्वबंधुत्व के परिपोषण हेतु उद्यत करना।

९. हिंदी द्वारा संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण–संवर्धन एवं स्त्री–पुरुष समानता के प्रति निष्ठा जागृत करना।

१०. हिंदी भाषा के माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण–संवर्धन की चेतना पैदा करना।

विषय : हिंदी द्वितीय भाषा (संपूर्ण) पाठ्यक्रम

भाषाई कौशल/क्षेत्र – श्रवण **कक्षा – पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	भाषाई खेल – ''बूझो तो जानें''- पतंग के बारे में शब्द शृंखला बनाना		पतंग में लगने वाली सभी वस्तुओं के नाम- माँजा, चरखी, रंगीन कागज, लेई, तीली और मैदान आदि शब्दों की शृंखला बनाता है।	निरीक्षण
१.	पूर्व परिचित विषयों से संबंधित लयात्मक गीत सुनाना, अभिनय गीत सुनाना।	लयात्मक गीत संग्रह, अभिनय गीत संग्रह, रोल अप बोर्ड, रेडियो, दूरदर्शन, सी.डी.,डी.वी.डी. ध्वनिफीत	* लयात्मक गीत, अभिनय गीत सुनने में रुचि लेता है। * समझते हुए सुनने में रुचि लेता है। * रेडियो, दूरदर्शन, सी.डी., डी.वी.डी. पर आने वाले लयात्मक गीत, अभिनय गीत ध्यान से सुनता है।	निरीक्षण प्रात्यक्षिक कृति
२.	बोधकथा, चुटकुले, सुनना/सुनाना। (सत्य, बंधुता, प्रेम, न्याय, शांति- संबंधी बोधकथा) १ से २५ तक के अंक सुनना/ सुनाना।	बोधकथा संग्रह, सी.डी. डी.वी.डी. ध्वनिफीत दूरदर्शन, रेडियो। संदर्भ साहित्य	* बोधकथा, चुटकुले रुचिपूर्वक सुनता है। सुनी हुई बोधकथा, चुटकुलों को दोहराने में रुचि लेता है। * समझते हुए सुनने में रुचि लेता है। * सरल प्रश्नों के उत्तर देता है। * बोधकथाओं के माध्यम से सम अनुभूति एवं सहसंबंध स्थापित करता है। * एकाग्रता से सुनने की आदत लगती है। * एक से पचीस तक के अंक सुनता/सुनाता है।	निरीक्षण प्रात्यक्षिक

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	मात्रा रहित शब्द परिचय -	मात्रा रहित शब्द कार्ड, चार्ट, ध्वनिफीत, सी.डी., डी.वी.डी	* मात्रा रहित शब्दों को रुचिपूर्वक सुनता है। सुने हुए शब्दों को दोहराता है। * मात्रा रहित शब्दों का उपयोग करते हुए सरल वाक्य बनाता है। * शब्द संपत्ति का विकास होता है। * मातृभाषा और हिंदी के शब्दों में समन्वय प्रस्थापित करता है। * सुने हुए शब्दों का प्रयोग सुनाते समय करता है।	निरीक्षण प्रात्याक्षिक कृति
४.	मात्रा सहित शब्द परिचय	मात्रा सहित शब्द/चार्ट/ शब्दकार्ड, दूरदर्शन, सी.डी.,डी.वी.डी.	* मात्रा सहित शब्दों को सुनने में रुचि लेता है। * मात्रा सहित शब्दों को सुनकर उनका आकलन करता है। * शब्द संपत्ति का विकास होता है। * मात्रा रहित एवं मात्रा सहित शब्दों की भिन्नता सुनकर समझता है। * ह्रस्व एवं दीर्घ मात्राओं को सुनकर पहचानने की ओर उन्मुख होता है। * मात्रा रहित एवं मात्रा सहित शब्दों का प्रयोग करके छोटे-छोटे वाक्य बनाकर सुनाता है। * ह्रस्व, दीर्घ मात्राओं से युक्त वर्णों का वर्गीकरण करता है।	निरीक्षण प्रात्यक्षिक कृति

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन– अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	स्वर, व्यंजन, विशेषवर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर का श्रवण के माध्यम से परिचय	चित्र कार्ड, वर्ण चार्ट, शब्द कार्ड, ध्वनिफीत सी.डी., डी.वी.डी.	स्वर, व्यंजन, पंचमाक्षर, विशेष वर्ण, अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर आदि का श्रवण के माध्यम से परिचय प्राप्त करता है। ✻ स्वर–वर्णों की ध्वनियों को सुनकर उनके अंतर को समझता है। ✻ स्वर और व्यंजन की ध्वनियों के अंतर को सुनकर पहचानता है। ✻ अनुनासिक, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर को स्पष्ट रूप से सुनकर उनके उच्चारण की भिन्नता को समझने का प्रयास करता है। ✻ मातृभाषा एवं हिंदी के वर्णों की ध्वनियों में सहसंबंध स्थापित करता है एवं उनके अंतर को श्रवण के माध्यम से समझता है। ✻ घर, परिसर, सुनी हुई ध्वनियों को विद्यालय में सुनी हुई ध्वनियों से सहसंबंध स्थापित करता है।	निरीक्षण प्रात्यक्षिक कृति

भाषाई कौशल/क्षेत्र : भाषण–संभाषण **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	❋ **भाषाई खेल** – 'मैं हूँ ....।' खेल की कृति–फल,फूल,प्राणी, वस्तु आदि का चित्र लेकर एक–एक विद्यार्थी द्‌वारा वाक्य शृंखला बढ़ाना।	❋ चित्र, चित्रचार्ट, ❋ प्रक्षेपक, ❋ फोल्डर	❋ चित्र देखकर प्रत्येक विद्यार्थी एक–एक वाक्य बोलता है। ❋ चित्र देखकर शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करता है। ❋ भाषण–संभाषण में बिना झिझक सहभागी होता है। ❋ मातृभाषा के शब्द तथा हिंदी के शब्दों में समन्वय का प्रयास करता है।	❋ निरीक्षण ❋ प्रात्यक्षिक ❋ मौखिककार्य ❋ कृति ❋ कक्षाकार्य
१.	❋ स्व–परिचय एवं परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों का परिचय	❋ परिवार का चित्र	❋ अपना, अपने परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों का परिचय उत्साह व स्वयं स्फूर्ति से देता है। ❋ परिवार के बारे में जानकारी देने की क्षमता प्राप्त होती है। ❋ अपने परिवार, बड़ों तथा रिश्तेदारों के प्रति आत्मीयता एवं आदरभाव का निर्माण होता है। ❋ पड़ोसी परिवारों के साथ सहसंबंध स्थापित करने की ओर उन्मुख होता है। ❋ सम अनुभूति का निर्माण होता है। ❋ 'स्व' की पहचान होती है।	❋ निरीक्षण ❋ कक्षाकार्य ❋ मौखिककार्य

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
२.	* दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं का वर्णन करना।	* चार्ट * चित्र	* चित्र देखकर उन चीजों के उपयोग के बारे में बताता है। * सरल प्रश्नों के उत्तर देने में रुचि रखता है। * चर्चा में सहभागी होता है। * प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त करता है। * बातचीत में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है।	* दैनिक निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य
३.	* घरेलू कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यालय में चर्चा करना।	* त्योहार, जन्मदिन नामकरण विधि, विवाह आदि से संबंधित चार्ट, सी.डी., डी.वी.डी. छायाचित्र आदि	* कक्षा में उत्साह के साथ घरेलू कार्यक्रम की जानकारी देता है। * अपने मित्रों के घर में मनाए गए कार्यक्रम की जानकारी देने की क्षमता विकसित होती है। * मंच पर घरेलू कार्यक्रम की जानकारी बिना झिझकते हुए देता है। * पड़ोसियों एवं मित्रों के परिवार के कार्यक्रमों से सहसंबंध स्थापित करने की क्षमता में वृद्धि होती है। शब्द संपत्ति का विकास होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य
४.	* हाव–भाव के साथ पूर्व परिचित बालकथा एवं बालगीत प्रस्तुत करना। (मित्रता, स्वच्छता संबंधी) * एक से पचीस तक के अंकों का प्रयोग करना।	* सी.डी. * डी.वी.डी * फोल्डर * गिनती चार्ट	* मातृभाषा एवं हिंदी की पूर्वपरिचित कहानियों एवं बालगीत उत्साह तथा उचित हाव–भाव के साथ प्रस्तुत करता है। * एक से पचीस तक के अंकों का व्यवहार में प्रयोग करता है।	* निरीक्षण

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
		* पंचतंत्र, इसपनीति की कहानियाँ * चित्रकथा पुस्तिका	* आत्मविश्वास एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। * जीवनमूल्यों एवं जीवन कौशलों की ओर उन्मुख होता है। * घर–परिवेश में बातचीत करते समय उचित हाव–भाव का प्रयोग करने की ओर उन्मुख होता है।	* प्रात्यक्षिक
५.	* स्वर, व्यंजन, अनुस्वार, अनुनासिक, विसर्ग, तथा विशेष वर्णों का स्पष्ट उच्चारण करना।	* वर्ण कार्ड * वर्ण चार्ट * चित्र कार्ड * सी.डी. * डी.वी.डी * ध्वनिफीति	* चित्रों के माध्यम से स्वर, व्यंजन, अनुस्वार, अनुनासिक, विसर्ग, विशेष वर्ण, संयुक्तवर्ण आदि का उचित उच्चारण करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी की ध्वनियों, वर्णों की समानता एवं भिन्नता पहचानने की ओर अग्रसर होता है। * औपचारिक–अनौपचारिक संभाषण में वर्णों एवं शब्दों का सही उच्चारण करता है।	* निरीक्षण * मौखिककार्य * कृति

भाषाई कौशल/क्षेत्र : वाचन **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	✼ **भाषाई खेल–** मेल–मिलाप अलग–अलग विद्‌यार्थियों के गले में चित्र कार्ड और संबंधित शब्द कार्ड लटकाकर चित्रों और वर्णों की संगति मिलाना।	✼ चित्र कार्ड ✼ शब्द कार्ड ✼ वर्ण कार्ड	✼ खेल के माध्यम से विद्‌यार्थी चित्र शब्द और वर्णों की संगति बिठाने में रुचि रखता है। ✼ वर्णों को पहचानता है। ✼ परिवेश के साइन बोर्ड एवं फलक पर लिखे वर्णों को पहचानने का प्रयास करता है। ✼ मातृभाषा एवं हिंदी के वर्णों की रचना में समन्वय स्थापित करता है।	✼ निरीक्षण ✼ प्रात्यक्षिक ✼ मौखिककार्य ✼ कृति
१.	✼ **अनुवाचन–** लयात्मक गीत, बोध कथा, छोटे–छोटे वाक्य, लयात्मक शब्द एवं वर्णमाला।	✼ वर्ण कार्ड ✼ शब्द कार्ड ✼ वाक्य पट्‌टियाँ ✼ रोल अप बोर्ड ✼ प्रक्षेपक	✼ अध्यापक/अभिभावक द्‌वारा पढ़े गए लयात्मक गीत, कथा आदि का रुचिपूर्वक अनुवाचन करता है। ✼ वर्ण, शब्द की पहचान करने हेतु अग्रसर होता है। ✼ श्रवण एवं वाचन की एकाग्रता में वृद्‌धि होती है। ✼ शब्द संपत्ति का विकास होता है। ✼ बोध कथा से प्राप्त जीवन मूल्यों एवं कौशलों को जीवन में उतारने के प्रति उन्मुख होता है।	✼ निरीक्षण ✼ मौखिककार्य

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
२.	* **मात्रा रहित वर्णों का वाचन करना.** (स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर)	* मात्रा रहित शब्द कार्ड * वर्ण कार्ड * शब्द पट्टी	* मात्रा रहित वर्ण,शब्दों का वाचन करता है। वर्णों के अवयवों को पहचानता है। * वर्णों की संगति बिठाकर सार्थक शब्द बनाता है। * समान अवयव वाले वर्णों का वर्गीकरण करता है। वर्गीकरण की क्षमता विकसित होती है। * वर्णों से नए-नए शब्द बनाकर वाचन करता है। * रचनात्मकता का विकास होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * मौखिककार्य * सहपाठी मूल्यांकन * कक्षाकार्य * सहपुस्तक मूल्यांकन * कृति।
३.	* **मात्रा सहित वर्णों का वाचन करना.** (स्वर, व्यंजन, संयुक्ताक्षर, पंचमाक्षर)	* शब्द कार्ड * मात्रा सहित शब्द कार्ड * चित्र कार्ड * शब्द पट्टियाँ * सुविचार तथा घोष वाक्य चार्ट	* मात्रा सहित शब्दों का वाचन करता है। * मात्रा सहित शब्दों से वाक्य बनाकर वाचन करता है। * विद्यालय, परिवेश में लगाए गए फलकों का वाचन करता हैं। * वाचन के प्रति रुचि जागृत होती है। * प्रवाहमय वाचन की ओर उन्मुख होता है। * एकाग्रता से किए हुए पठन का उपयोग आवश्यकता के अनुसार अन्यत्र करने की क्षमता प्राप्त करने की ओर अग्रसर होता है।	* निरीक्षण * कक्षाकार्य * कृति

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन– अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
४.	✻ **मुखर एवं मौन वाचन–** वर्णमाला, लयात्मक शब्द, बोधकथा, लयात्मक गीत। (समयपालन, अनुशासन से संबंधित कथा)	✻ लयात्मक शब्द चार्ट ✻ संदर्भ साहित्य तालिकाएँ ✻ वर्णमाला चार्ट ✻ लयात्मक गीत संग्रह ✻ बालकथा संग्रह ✻ रोलअप बोर्ड	✻ मुखर एवं मौन वाचन में रुचि लेता है। ✻ एकाग्रता के साथ मौन वाचन करता है। ✻ लयात्मक गीत, बोध कथा के वाचन से वाचन में प्रवाह लाने का प्रयास करता है। ✻ आदर्श वाचन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेता है। ✻ समयपालन, अनुशासन आदि गुणों का महत्व पहचानता है।	✻ निरीक्षण ✻ कक्षाकार्य ✻ स्वाध्याय
५.	✻ **दिनदर्शिका** (कैलेंडर), समाचार पत्र, फलक का वाचन।	✻ तालिकाएँ ✻ समाचार पत्र/पत्रिकाएँ ✻ दिनदर्शिका (कैलेंडर) ✻ भित्तिफलक	✻ वाचन में रुचि लेता है। ✻ समाचारपत्र के खेल, मनोरंजन आदि समाचारों का वाचन करने में रुचि लेता है। ✻ फलकों का वाचन करके आशय को समझता है। ✻ समाचारपत्र का प्रतिदिन वाचन करने में रुचि जागृत होती है। ✻ समाचारपत्र के रुचि के विषयों पर वाचन करके चर्चा करता है। परस्पर संबंध की भावना विकसित होती है।	✻ निरीक्षण ✻ कक्षाकार्य ✻ कृति

भाषाई कौशल/क्षेत्र : लेखन **कक्षा–पाँचवीं**

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल** – आकृति की पहचान एक दूसरे की पीठ पर उँगली से कोई भी गणितीय आकृति बनाना एवं पहचानना। उदा– गोल, त्रिभुज चतुर्भुज आदि।	–	* रुचि लेते हुए एक–दूसरे की पीठ पर उँगली से गणितीय आकृतियाँ बनाकर पहचानता है। * आकृतियों का रेखन करता है। * तनावों का समायोजन होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
१.	* **अनुरेखन** – मात्रा रहित, मात्रा सहित वर्णों का अनुरेखन करना (वर्ण एवं शब्द) जैसे– क = क , र = र नल = नल माता = माता	* संदर्भ साहित्य	* मात्रा रहित, मात्रा सहित वर्णशब्द आदि का अनुरेखन करता है। * वर्णों के संकेत समझते हुए अनुरेखन करता है। * हिंदी लेखन की प्रारंभिक स्थितियों से परिचित होता है। सुडौल लेखन की ओर अग्रसर होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
२.	* **अनुलेखन–सुलेखन–** (शब्द एवं वाक्य) अंकों का अक्षरों में लेखन (१ से २५ तक)	* शब्द चार्ट * अंक चार्ट * वाक्य पट्टी * वाक्य चार्ट * सुवचन पट्टी * वर्ण क्रमानुसार विद्यार्थियों के नामों का चार्ट * घर की वस्तुएँ * परिसर की वस्तुओं का चार्ट (फल–फूल) आदि।	* शब्द एवं वाक्यों का अनुलेखन एवं सुलेखन करने में रुचि लेता है। * सावधानी से सुपाठ्य, सुडौल, शुद्ध अनुलेखन सुलेखन करता है। * एक से पचीस तक के अंकों के लिए हिंदी शब्दों से परिचित होता है। * अंकों का लेखन व्यवहार में प्रयोग करता है। * परिवेशीय वस्तुओं के हिंदी शब्दों से परिचित होते हुए लेखन में प्रयोग करता है। * सुलेखन प्रतियोगिताओं में सहभागी होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपुस्तक कसौटी * सहपाठी मूल्यांकन

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन– अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वकष मूल्यमापन
३.	* **श्रुत लेखन शुद्ध लेखन–** (सामान्य, विशिष्ट, संयुक्त वर्ण वाले शब्द एवं वाक्य)	* चित्र कार्ड * शब्द कार्ड * वाक्य पट्टी * घोषवाक्य पट्टी * सुवचन पट्टी (केवल अध्यापकों के उपयोग हेतु)	* ध्यानपूर्वक आकलन करते हुए श्रुत लेखन में रुचि लेता है। * शब्दवाक्य आदि का शुद्ध लेखन करने हेतु अग्रसर होता है। * शुद्ध लेखन प्रतियोगिता में सहभाग लेता है। * लेखन में शुद्धता लाने का प्रयास करता है। * निर्णय क्षमता का विकास होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन
४.	* **प्रश्नों को समझते हुए उत्तर लेखन** (एक शब्द एवं एक वाक्य में,)	* प्रसंग चित्र चार्ट * चित्र कार्ड * फलक पर लिखी हुई सामग्री * मानचित्र * दिनदर्शिका (कैलेंडर) * प्रश्नसंच	* प्रश्नों के उत्तर लिखने में रुचि लेता है। * चित्रों को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखता है। * मानचित्रों का पठन करते हुए उत्तर लिखता है। * परिसर के प्राणियों, वस्तुओं के हिंदी नामों का लेखन करता है। * पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित होती है। * आकलन क्षमता का विकास होता है। * क्या,कब,कहाँ,क्यों आदि से बने प्रश्नों को समझते हुए उत्तर लिखता है। * छोटे प्रश्न बनाकर लिखता है।	* निरीक्षण * सहपुस्तक कसौटी * स्वाध्याय * सहपाठी मूल्यांकन * प्रकल्प

अ क्र.	अध्ययन-अनुभव	अध्ययन-अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	* चित्र के आधार पर लेखन करना।	* चित्र कार्ड * फोल्डर * चित्रकथा	* चित्रों को देखते हुए उसका स्वयं स्फूर्ति से वर्णन लिखता है। * चित्रों के आधार पर छोटी कहानी लिखता है। * घोष वाक्य सुवचन का लेखन करता है। * समझते हुए लिखता है। * शब्द-संपदा में वृद्धि होती है। * लेखन कौशल का विकास होता है। * सृजनशीलता, कल्पनाशक्ति का विकास होता है। * भावनाओं का समायोजन होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन * स्वाध्याय

भाषाई कौशल/क्षेत्र : क्रियात्मक व्याकरण

कक्षा–पाँचवीं

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन– अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल** – वर्णपूर्ति * क·······म * म·······ली * मीठा·······	* चित्र कार्ड * शब्द कार्ड	* चित्र देखकर रिक्त वर्ण की पूर्ति करते हुए शब्द बनाता है। शब्द संपत्ति में वृद्धि होती है। तनाव का समायोजन होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * सहपाठी मूल्यांकन
१.	* **वर्ण परिचय–** (स्वर, व्यंजन, विशेष वर्ण, संयुक्त वर्ण, अनुनासिक, विसर्ग, हल चिह्न)	* वर्ण कार्ड * वर्णक्यूब(घन) * वर्ण सारिणी * शब्द सारिणी	* रुचि के साथ स्वर, व्यंजन, संयुक्त वर्ण, विशेष वर्ण आदि से परिचित होता है। * वर्गीकरण क्षमता, वर्ण, स्वर, व्यंजन आदि की ओर उन्मुख होता है। * निर्णय क्षमता तथा समस्या समाधान की ओर अग्रसर होता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक * कक्षाकार्य * स्वाध्याय
२.	* **शब्द परिचय–** समान वर्ण वाले शब्द–कलकल, छलछल,ठनठन,छमछम आदि समानार्थी, विरुद्धार्थी, शब्दसमूह के लिए एक शब्द। * हिंदी–मराठी में समान अर्थ में आनेवाले शब्द– जैसे– डमरू–डमरू परी–परी * समोच्चरित किंतु भिन्न अर्थ वाले शब्द– जैसे– शिक्षा(हिंदी) – शिक्षण शिक्षा (मराठी)– सजा,दंड।	* चार्ट * चित्र * शब्द कार्ड * शब्द सारिणी * फोल्डर्स	* लेखन, वाचन, भाषण–संभाषण में समानार्थी विरुद्धार्थी, समान वर्ण वाले शब्द आदि का उचित प्रयोग करता है। * वर्गीकरण, आकलन क्षमता के विकास की ओर अग्रसर होता है। * निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। * शब्द संपत्ति का विकास होता है। * प्रभावी भाषण–संभाषण एवं लेखन की ओर उन्मुख होता है। * मराठी–हिंदी में पाए जाने वाले शब्दों के अर्थ एवं उच्चारण की दृष्टि से भिन्नता और समानता से अवगत होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * स्वाध्याय * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन * सहपुस्तक कसौटी।

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	* **शब्दों का लिंग वचन प्रयोग –** (स्त्री वाचक, पुरुष वाचक शब्द, एक वचन–बहुवचन वाले शब्दों का प्रयोग)	* चित्र कार्ड * शब्द कार्ड * शब्द चार्ट * फोल्डर	* स्त्रीलिंग–पुल्लिंग, एकवचन, बहुवचन शब्दों को पहचानता है। * वाक्यों में लिंगवचन का ध्यान रखते हुए शब्दों का प्रयोग करता है। * भाषा प्रयोग में शुद्धता एवं सरलता की क्षमता का विकास होता है। * वर्गीकरण,विश्लेषण,तार्किक एवं निर्णय की क्षमता का विकास होता है। * लिंग एवं वचन परिवर्तन करते समय शब्दों में भी उचित परिवर्तन का ध्यान रखता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपुस्तक कसौटी * सहपाठी मूल्यांकन * प्रकल्प
४.	* **विराम चिह्न –** अल्पविराम, अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्नवाचक चिह्न.	* चिह्नों के चार्ट * विराम चिह्नयुक्त छोटे–छोटे परिच्छेदों का चार्ट–फलक लेखन	* अल्पविराम, अर्धविराम पूर्णविराम, प्रश्नवाचक चिह्न को पहचानता है। * मातृभाषा एवं हिंदी के विराम चिह्नों की समानता एवं भिन्नता से अवगत होता है। * परिच्छेद लेखन में इन विराम चिह्नों का प्रयोग करता है। * भाषण–संभाषण एवं वाचन करते समय विराम चिह्नों के अनुसार उचित लय–ताल हाव–भाव, तान–अनुतान, आरोह–अवरोह का ध्यान रखते हुए प्रभावशाली प्रस्तुति करता है। * आदर्श वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता में सहभागी होता है। * अनुशासित जीवन जीने की ओर उन्मुख होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * स्वाध्याय * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन * सहपुस्तक कसौटी।

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
५.	✻ **वर्तनी का प्रयोग –** वर्ण, संयुक्ताक्षर, विशेष वर्ण, अनुनासिक (चंद्रबिंदु), अनुस्वार, विसर्ग, हलचिह्न, विभक्ति, प्रत्यय आदि का मानक वर्तनी नियमों के अनुसार सरल शब्दों तथा वाक्यों का लेखन करना।	✻ वर्णों एवं शब्दों के मानक रूप का चार्ट, ✻ संदर्भ साहित्य	✻ वर्तनी के मानक रूप से अवगत होता है। ✻ संभाषण, वाचन, लेखन में वर्णों एवं शब्दों के मानक रूप का प्रयोग करता है। ✻ वर्गीकरण, विश्लेषण, निर्णय क्षमता का विकास होता है। ✻ संयुक्ताक्षरों का मानक लेखन एवं उच्चारण करता है।	✻ प्रात्यक्षिक ✻ निरीक्षण ✻ मौखिककार्य ✻ सहपाठी मूल्यांकन ✻ सहपुस्तक कसौटी ✻ कक्षाकार्य ✻ प्रकल्प ✻ स्वाध्याय

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
	* **भाषाई खेल –** मातृभाषा के शब्दों एवं वाक्यों का हिंदी में मौखिक अनुवाद करना।	* शब्द कार्ड * वाक्य पट्टी * फोल्डर	* रुचि लेते हुए मातृभाषा के शब्दों का हिंदी में मौखिक अनुवाद करता है।	* निरीक्षण * प्रात्यक्षिक
१.	* **अनुवाद लेखन –** मातृभाषा के शब्दों एवं वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करना। **उदाहरण**–पाणी–पानी वडक्कम– नमस्कार मीठ–नमक आउजो – आइएगा आदि शब्दों एवं इनसे युक्त वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करना। **उदाहरण –** मला पाणी दे. (मराठी में) मुझे पानी दो। (हिंदी में)	* शब्द कार्ड * वाक्य पट्टी * फोल्डर	* हिंदी के शब्दों का मातृभाषा में मौखिक अनुवाद करते हुए लेखन करता है। * मातृभाषा के शब्दों और वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करते हुए लेखन करता है। * मातृभाषा एवं हिंदी की ध्वनियों वर्णों एवं शब्दों की अर्थ भिन्नता एवं समानता से अवगत होता है। * मातृभाषा एवं हिंदी में सहसंबंध स्थापित करता है। * भाषिक सहिष्णुता की ओर उन्मुख होता है। * भाषिक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति में हिंदी का प्रयोग करने हेतु अग्रसर होता है।	* प्रात्यक्षिक * निरीक्षण * मौखिककार्य * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन * स्वाध्याय
२.	* **व्यावसायिक लेखन –** भेंट कार्ड तैयार करके उचित शब्दों का लेखन करना। **उदाहरण–** जन्मदिन, नववर्ष, त्योहार सफलता आदि के बधाई/ अभिनंदन कार्ड बनाकर उसपर संदर्भानुसार लेखन करना।	* कार्ड पेपर, कैंची, पेंसिल, गेंद, पेस्ट आदि. * व्यावसायिक कार्ड	* विभिन्न भेंटकार्ड बनाता है। * (धन्यवाद, स्वागत आदि) भेंटकार्ड बनाते समय रचनात्मक विचार करता है। * उचित शब्दों का उचित स्थान पर आकर्षक लेखन करने की प्रवृत्ति विकसित होती है। * जीवन में सुचारूपन एवं अनुशासन आदि प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख होता है। * कल्पनाशीलता का विकास होता है। * सम अनुभूति विकसित होती है।	* प्रात्यक्षिक * कृति * निरीक्षण * कक्षाकार्य * स्वाध्याय * सहपाठी मूल्यांकन * उपक्रम

अ क्र.	अध्ययन–अनुभव	अध्ययन–अध्यापन सामग्री	प्रतिक्रिया, उपयोजन, व्यावहारिक परिवर्तन	सतत सर्वंकष मूल्यमापन
३.	* **नाट्यीकरण–** कृषक एवं परिसर के सभी व्यवसायियों का हावभाव सहित सामूहिक अभिनय। (डाकिया, डॉक्टर, नर्स, शिक्षक, वकील आदि)	* व्यावसायियों के चित्र कार्ड * व्यवसाय से संबंधित शब्द कार्ड	* कृषक एवं परिसर के व्यवसायियों का हावभाव सहित सामूहिक अभिनय करता है। * कृषक एवं परिसर के व्यवसायियों के प्रति आदर–भाव विकसित होता है। * सम अनुभूति जागृत होती है। * समानता का भाव उत्पन्न होता है।	* प्रात्यक्षिक * कृति * निरीक्षण * कक्षाकार्य * सहपाठी मूल्यांकन
